

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### एम्स में भर्ती बुजुर्ग मरीज की दूसरी कोरोना रिपोर्ट भी आई निगेटिव

**संवाददाता** देहरादून।दून के चमन विहार निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग की एम्स में लगातार दूसरी फॉलोअप रिपोर्ट भी निगेटिव आई है। ऐसे में वे कोरोना से मुक्त हो गए हैं, लेकिन उनकी अन्य बीमारियों को देखते हुए अभी आइसोलेशन वार्ड में ही रखा गया है। बता दें, बुजुर्ग कैंसर पीड़ित है और वह दिल्ली अपोलो अस्पताल गए थे, जहां उनकी पहली कोरोना रिपोर्ट पोटिटिव आयी थी। 30 अप्रैल को वे दून लौटे थे और परिजनों ने खुद स्वास्थ्य विभाग को उनके कोरोना संक्रमित होने की जानकारी दी थी।

### उत्तराखंड में 2010 से गायब चल रहे 426 डॉक्टरों की सेवा समाप्त

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से गायब चल रहे 426 डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। ये सभी डॉक्टर 2010 से गायब चल रहे थे। शासन ने इस संबंध में सेवा समाप्ति के आदेश भी जारी कर दिए हैं। उत्तराखंड में लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाएं पटरी से उतरी हुई हैं। इसका मुख्य कारण प्रदेश में डॉक्टरों की संख्या कम होना है। राज्य गठन के बाद से सत्ता में रही सभी सरकारों ने स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करना अपनी प्राथमिकता में रखा लेकिन डॉक्टरों को पहाड़ चढ़ाने में अभी तक कोई पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है।

### कोविड महामारी के खात्में तक बंद हो शराब की दुकानें

**संवाददाता** देहरादून। केशर जन कल्याण समिति ने कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के खात्में तक राज्य में शराब की दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को ई मेल के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर इस दिशा में ठोस कार्यवाही करने का आग्रह किया है। यहां जारी एक बयान में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट एन के गुसाईं ने कहा है कि वैश्विक कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के वर्तमान संकट काल से हमारे देश के साथ ही उत्तराखंड भी अछूता नहीं रहा है।

### लेनोवो का निशुल्क, ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफॉर्म भारत में छात्रों के लिए ओपन

**संवाददाता** देहरादून। लेनोवो, वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रमुख, ने ईविद्यालोक के साथ मिलकर, एक गैर–लाभकारी संगठन के साथ सहभागिता में आज से अपने स्मार्टएड प्लेटफॉर्म को स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन के लिए खोलने की घोषणा की। यह नया, निशुल्क ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भारतीय युवाओं को शिक्षा के डिजिटल रीमॉडेलिंग में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड में संक्रमण फैला तो राज्य सरकार होगी जिम्मेदार

**संवाददाता** हल्द्वानी। शराब की दुकानें खोलने को लेकर विपक्ष ने सरकार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड में संक्रमण फैला तो इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। बुधवार को मीडिया को जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारत सरकार के निर्देश के अनुसार फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है। प्रदेश में शराब की दुकानें खुलते ही फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियम मजाक बनकर रह गए हैं। अगर इस नियम के उल्लंघन के कारण संक्रमण फैलता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। शराब की दुकानों की व्यवस्था पुलिस व प्रशासन के द्वारा किया जाना संभव नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गरीबों को बंटा राशन भी खत्म हो गया है। सरकार अपना पूरा ध्यान गरीबों को राशन वितरित करने में लगाए। सामाजिक संस्थाएं लगातार राशन बांट रही हैं।

अब उनकी हिम्मत भी जवाब देने लगी है। इंदिरा कहती हैं कि दुनिया के मशहूर अर्थशास्त्रियों ने राय दी है कि गरीब जनता के खाते में सीधे पैसे डालने की आवश्यकता है। कच्चे राशन के अलावा अन्य जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यह कदम उठाना जरूरी है। वहीं प्रदेश में ओलावृष्टि के कारण किसानों की रबी, फल एवं सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इसका भी तत्काल संज्ञान लेकर किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए।

# बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का ग्रीन जिलों में होगा मूल्यांकन

**निर्देश**

- मूल्यांकन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां अभी से कर लें: शिक्षामंत्री
- गेस्ट टीचरों के वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव लाया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। शिक्षामंत्री अरविंद पांडेय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सचिव शिक्षा से कहा कि उत्तराखंड बोर्ड की जो परीक्षा हो चुकी है। उनका मल्यांकन ग्रीन जोन वाले जिलों में किया जाएं। मूल्यांकन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां अभी से कर लें। हाईस्कूल व इंटर बोर्ड के जिन विषयों की परीक्षाएं बची हैं, उनको लेकर तीन दिन में निर्णय लेते हुए लॉकडाउन समाप्त होते ही 10 दिन में शारीरिक दूरी का पालन करते हुए परीक्षाएं आयोजित करा ली जाएं।

शिक्षा मंत्री पांडेय ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में शिक्षा सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम व सचिव युवा कल्याण व खेल बृजेश कुमार संत से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से देश व राज्य संघर्ष कर रहा है। ऐसे में सरकार की मंशा आम आदमी को राहत देने की है। एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लगाने में जो सफलता मिलनी चाहिए, वह अभी नहीं मिल पा रही है। इसका मजबूती से सभी विद्यालयों में अनुपालन कराया जाए। जहां इसका अनुपालन नहीं हो रहा है, वहां के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व उप खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिससे अभिभावक परेशान न हो सके।

उन्होंने कहा कि गेस्ट टीचरों के वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव लाया जाए। जिससे उसे आगामी मंत्रीमंडल की बैठक में रखा जाए। गेस्ट टीचरों का वेतन समय पर भुगतान किया जाए। शिक्षा विभाग द्वारा दूरदर्शन व कम्यूनिटी रेडियो के माध्यम से बच्चों के पढाने का जो कार्य किया जा रहा है। वह एक सराहनीय कार्य है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से यह जानकारी होनी आवश्यक है कि कितने बच्चों की इन माध्यमों से पढाई की जा रही है। शिक्षा विभाग इसकी लगातार मानिटि्रंग करें। जिससे इसे और अधिक उपयोगी बनाया जा सकें।

शिक्षा मंत्री पांडेय ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का अभिभावकों से आपसी संवाद बना रहें।13 मई को सुबह 10 से 11 बजे तक फिजिकल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए वर्चुअल क्लास ऑनलाइन अटल ई जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों के साथ अभिभावक व दो सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होगें। जिनके साथ सीधा संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता और बढ़ाया जा सकें। अभिभावकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के भी सुझाव लिए जाएंगे।

### 50 हजार वालंटियर की सूची तैयार

शिक्षा मंत्री ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सचिव युवा कल्याण व खेल को तीन दिन में 1.25 लाख वालंटियरों की सूची व मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने को कहा। वालंटियर कोरोना संक्रमण को हराने के लिए अपनी निशुल्क सेवा देंगें। अब कोरोना संक्रमण की लड़ाई में आम लोगों को भी निरूस्वार्थ खड़ा होना होगा। सचिव बृजेश कुमार संत ने बताया कि अब तक 50 हजार वालंटियर की सूची तैयार कर ली गई हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान देहरादून में डीजी शिक्षा आलोक कुमार पांडे, निदेशक आरके कुवंर व सीमा जौनसारी मौजूद थे।

# मसूरी नगरपालिका को 15 लाख दिये जायेंगे

**हरी झंडी**

- मोदी फूड्स के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

देहरादून। **संवाददाता**



प्रदेश के श्रम मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि पर्यावरण बोर्ड के माध्यम से मसूरी नगरपालिका को कूड़ा निस्तारण, सफाई एवं सैनिटाइज कार्य के लिए 15 लाख दिये जाऐंगे। उन्होंने यह घोषणा उस समय की जब वह मसूरी विधायक गणेश जोशी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी फूड्स के वाहनों को रवाना करने पहुँचे थे। इस अवसर पर राशन की यह किट मसूरी, मिठ्ठी बेहड़ी एवं जाखन के लिए भेजी गयी हैं।

दून के कालीदास रोड़ चौक में मोदी फूड्स में 1200 राशन किट के 08 वाहनों को हरी झण्डी दिखाने के बाद श्रम मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि मसूरी विधायक गणेश जोशी के सहयोग से मसूरी विधानसभा में आवश्यक सामाग्री के वाहनों को भेजा जा रहा है और यह राशन किट जिसके पास न राशन कार्ड है और न कोई मजदूरी का काम है, उन लोगों को उपलब्ध कराये जाएेगें। उन्होनें कहा कि विधायक जोशी संकट की इस घड़ी में एक अभिभावक के रुप में वह अपनी जिम्मेदारी का सफल निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रम मंत्री ने महामारी को रोकने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग द्वारा 1.97 लाख श्रमिकों को दो दो हजार रुपये की धनराशि उनके खाते में डाल दी गयी है।

इस अवसर पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने प्रभु ने हमें सेवा करने का मौका दिया है और आम जन के सहयोग से भाजपा के कार्यकर्ता मसूरी विधानसभा क्षेत्र में अब तक दो लाख 66 हजार से अधिक लोगों को भोजन करा चुका है। मोदी फूड्स के माध्यम से अब तक कुल राशन किट का वितरण जरुरतमंद लोगों को किया जा चुका है।

## शासनादेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की शिकायत

**संवाददाता** देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स ने शासनादेश का उल्लंघन करने वाले 10 स्कूलों पर आपदा अधिनियम 2005 के अंतर्गत कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित अन्य अधिकारियों को पत्र भेज कर मांग उठाई है।

नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने शहर के 10 स्कूलों की शिकायती पत्र मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डेय, विद्यालय शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, डीएम, मुख्य शिक्षा अधिकारी, अध्यक्ष व सचिव राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को करते हुए बताया कि शासनादेश के अनुसार फीस को लेकर आया था जिसमे स्कूलों को निर्देशित किया गया था कि अभिभावकों से एक माह की ही फीस ली जाए और जो कि ट्यूशन फीस के अलावा कोई अन्य शुल्क न लिया जाए और जो स्कूल ऑनलाइन पढ़ाई नही करवा रहे हैं वो शुल्क नहीं ले सकते।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०- 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।